भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1541
बुधवार, 4 मार्च, 2020/14 फाल्गुन, 1941 (शक)

रोजगार कार्यालय के माध्यम से नौकरी/रोजगार

1541. श्री परिमल नथवानीः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में कार्यशील रोजगार कार्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या रोजगार कार्यालयों में नौकरी खोजने वालों के पंजीकरण में कमी पाई गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष में रोजगार कार्यालय के माध्यम से पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों को दी गई नौकरियों की वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, इस समय देश में कार्य कर रहे रोजगार कार्यालयों की संख्या 997 है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, देश में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत रोजगार चाहने वाले, जिनमें यह आवश्यक नहीं है कि सभी बेरोजगार हों, की संख्या 2015, 2016 और 2017 के दौरान क्रमशः 69.4 लाख, 59.6 लाख और 39.6 लाख थी। देश में रोजगार कार्यालयों की संख्या तथा रोजगार कार्यालय के माध्यम से नियोजित रोजगार चाहने वालों का उपलब्ध सीमा तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 04.03.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1541 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

देश में रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नियोजित रोजगार चाहने वालों का उपलब्ध सीमा तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	रोजगार कार्यालयों की संख्या	नियोजन (हजार में)			
			2014	2015	2016	2017
1	आंध्र प्रदेश	17	0.42	0.20	0.50	0.23
2	अरुणाचल प्रदेश	12	0.00	0.00	0.00	0.00
3	असम	52	1.14	0.85	0.60	0.84
4	बिहार	47	0.09	1.10	1.90	0.26
5	छत्तीसगढ़	26	0.94	3.18	0.20	0.47
6	दिल्ली	14	0.24	0.19	0.00	0.00
7	गोवा	1	2.15	2.91	1.10	0.00
8	गुजरात	48	290.84	336.67	330.10	394.96
9	हरियाणा	59	0.25	0.28	0.40	0.05
10	हिमाचल प्रदेश	15	2.30	1.11	1.50	0.74
11	जम्मू और कश्मीर	17	0.37	0.08	0.20	1.61
12	झारखंड	42	1.05	2.95	2.50	3.54
13	कर्नाटक	40	2.14	0.79	0.70	0.39
14	केरल	89	7.99	8.22	11.30	8.89
15	मध्य प्रदेश	49	0.25	0.11	0.10	0.00
16	महाराष्ट्र	47	9.55	22.88	37.60	2.94
17	मणिपुर	11	0.00	0.00	0.00	0.49
18	मेघालय	12	0.03	0.15	0.00	0.01
19	मिजोरम	3	0.07	0.01	0.00	0.00
20	नागालैंड	8	0.00	0.00	0.00	0.00
21	ओडिशा	40	0.70	1.25	3.80	3.86
22	पंजाब	47	2.43	1.71	2.60	2.07
23	राजस्थान	38	0.44	0.39	0.10	0.12
24	सिक्किम #	0	-	-	-	-
25	तमिलनाडु	35	8.80	7.73	6.20	1.75
26	तेलंगाना	14	-	0.50	0.50	0.09
27	त्रिपुरा	5	2.43	0.38	0.20	0.05
28	उत्तराखंड	24	0.58	0.22	0.30	0.06
29	उत्तर प्रदेश	100	1.30	0.41	1.50	0.96
30	पश्चिम बंगाल	77	1.48	0.47	1.20	0.00
31	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	1	0.13	0.11	0.40	0.00
32	चंडीगढ़	2	0.06	0.08	0.20	0.16
33	दादर और नगर हवेली	1	0.00	0.00	0.00	0.00
34	दमन और दीव	2	0.00	0.00	0.00	0.00
35	लक्षद्वीप	1	0.00	0.00	0.00	0.00
36	पुडुचेरी	1	0.33	0.09	0.10	0.03
	योग@	997	338.50	394.99	405.50	424.55

स्रोत: रोजगार कार्यालय सांख्यिकी, रोजगार महानिदेशालय

टिप्पणी: # इस राज्य में कोई रोजगार कार्यालय कार्य नहीं कर रहा है;

@ हो सकता है कि पूर्णांकन के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।